C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 51 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 8 अगस्त 2024


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:00 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:36 बजे



आर्यन-सुहाना खान ने हीरामंडी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल। गणित व विज्ञान विषय को किस तरीके से बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाया जा सकता है,इसको लेकर जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 17 स्कूलों के गुरुजनों ने प्रतिभाग किया। बता दें कि जनपद स्तरीय गणित व विज्ञान स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गोस्वामी सरस्वती विद्या मन्दिर कालाढूंगी में किया गया था जिसमें उद्घाटन सत्र में सरस्वती विद्या मन्दिर छोई के प्रधानाचार्य कृपाल दत्त जोशी ने शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अपना उद्बोधन दिया। विज्ञान विषय का शिक्षण एनईपी- 2020 के आधार पर शुभेंदु गुप्त एवं वैदिक गणित को विभिन्न सूत्रों के आधार पर तथा कक्षा शिक्षण को कैसे रोचक बनाया जा सकता है एवं खेल- खेल के आधार पर गणित विषय का शिक्षण योगेन्द्र कुमार शर्मा आचार्य सरस्वती शिशु मन्दिर पंतनगर द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय प्रशिक्षण टोली के सदस्य दीवान सिंह, शुभेंदु गुप्त एवं जिला प्रशिक्षण प्रमुख राजेश कुमार शर्मा तथा आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य भैरव सत्यबली उपस्थित रहे।

### केदारनाथ में आपदा के दौरान तीन लोगों की मौत

देहरादून। केदारनाथ धाम में पैदल मार्ग पर बादल फटने के कारण बीते दिनों आपदा आई थी। जिसमें कई हजार यात्री रास्ते में फंस गए थे। वहीं, तीन लोगों की जान चली गई। केदारनाथ धाम में प्राकृतिक आपदा के चलते तीन लोगों की मौत हुई है। वहीं, राज्य आपदा परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, चारधाम में यात्रा के दौरान अब तक मृतकों की संख्या 179 पहुंच गई है। चारधाम यात्रा के दौरान अब तक केदारनाथ में सबसे ज्यादा 85 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं, बदरीनाथ में 44, हेमकुंड साहिब में चार, गंगोत्री में 14 और यमुनोत्री धाम में 31 यात्रियों की मौत हुई है।

# नैनीताल में मानसून मेहरबान, 1034 मिमी बारिश रिकार्ड की गई

उत्तरांचल दीप
अफजल फौजी, नैनीताल

सरोवर नगरी में मानसून इस बार झूमकर बरस रहा है। जून से 7 अगस्त तक 1034 मानसून की बारिश रिकार्ड की गई है। नैनीझील से लगातार जलनिकसी की जा रही है। इस बार मानसून लय में है और नैनीताल पर जमकर मेहरबान है। इस वर्ष जनवरी से मई के बीच हालात सूखे के समान बने रहे। इस दौरान मात्र 150 मिमी बारिश हुई। सर्दी में पश्चिमी विक्षोभ की निष्क्रियता के चलते बारिश नही हुई और 25 जून से प्री मानसून पूरे आवेग के साथ आगे बढ़ा तो 28 जून से मानसून झूमकर बरसना शुरू हो गया, जो अभी तक अविरल जारी है। झील नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष अभी तक 1184 मिमी बारिश हो चुकी है और माइनस में पहुचा झील का जलस्तर सामान्य से ऊपर पहुचने पर पिछले कई दिनों से झील से जलनिकसी जारी की गई थी। राज्य मौसम निदेशक डा बिक्रम सिंह के अनुसार आने वाले दिनों में भी मानसून सक्रिय रहेगा। साथ ही ला नीना का असर अगस्त मध्य से शुरू होने की संभावना है। ला नीना का असर प्रभावी रहा तो इस बार मानसून की बारिश में खासा वृद्धि होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। बहरहाल राज्य में ला नीना का असर 61 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।



### संभव है इस बार मानसून पिछले कुछ वर्षों का रिकार्ड तोड़ेगा

गौरतलब है नैनीताल के मानसून की बारिश में पिछले डेढ़ दशक में भारी कमी आई है। इसकी वजह मौसम परिवर्तन है। पिछले डेढ़ दशक में 2010, 2013, 2017 ऐसे वर्ष रहे हैं, जब मानसून सामान्य रूप से बरसा है। बाकि 12 साल ऐसे रहे हैं, जब सामान्य से तीन गुना कम बारिश हुई है। मगर इस बार मानसून का मिजाज बदला हुआ है और अल नीना के चलते सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद मौसम विभाग द्वारा जताई जा रही है। यदि ऐसा हुआ तो निश्चित ही इस बार पिछले रिकार्ड टूटेंगे।

### मैं अपने आपको यहां सक्षम नहीं पा रहा

# नारेबाजी से नाराज सभापति जगदीप धनखड़ कुर्सी छोड़कर उठे

नई दिल्ली
एजेंसी

देश के उपराष्ट्रपति और संसद के उच्च सदन के सभपति जगदीप धनखड़ नाराज होकर कुर्सी से उठकर चले गए। वे विपक्षी दलों के नेताओं की नारेबाजी से नाराज थे।

उन्होंने कहा कि आज यहा जो हुआ, वह ठीक नहीं है। यहां मुझे नहीं, बल्कि सभापति के पद को चुनौती दी जा रही है। विपक्ष के नेता मेरे खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। मेरा अपमान कर रहे हैं। इस बीच विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

दरअसल, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे सदन में विनेश फोगाट के मुद्दे को उठाना चाह रहे थे। इसकी अनुमति नहीं मिलने पर विपक्षी नेता नारेबाजी करने लगे। इस पर ही सभापति नाराज हो गए।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पूरा देश विनेश फोगाट के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कल उन्हें चैंपियन ऑफ चैंपियंस कहा और प्रधानमंत्री की आवाज 140 करोड़ लोगों की आवाज है। दुर्भाग्य से हम इसे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बांट रहे हैं। दुर्भाग्य से विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, जिस पर वे चर्चा करना चाहते हों और जिसके लिए सत्ता पक्ष तैयार हो। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत सरकार, खेल मंत्रालय और आईओसी ने सभी मंचों पर समाधान की कोशिश की है।





# बीएलएम एकेडमी में चित्र कथा और फोटोग्राफी कार्यशाला आयोजित

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

वंडर ब्रेन्स ऑर्गनाइजेशन की ओर से ने हार्टफुलनेस के मीडिया प्रमुख, नैनी फोटो फेस्ट के संस्थापक रूडी सिंह के निर्देशन में चित्र कथा फोटोग्राफी कार्यशाला की आयोजित की गई।

कवि, फोटोग्राफर, चित्रकार और लेखक रूडी सिंह ने छात्र छात्राओं के साथ अपने विशाल अनुभव और विशेषज्ञता को साझा किया,अनमोल क्षणों को कैद करना,फिल्म निर्माण के महत्वपूर्ण तत्व और प्रेरक पलों को जीवंत बनाने की कला सिखाई।

जिससे उन्हें दुनिया को एक नए नजरिए से देखने की प्रेरणा मिली।कार्यशाला का उद्देश्य की रचनात्मक और मौलिक सोच विकसित करना था। इस दौरान प्रधानाचार्या डा. गायत्री कंवर, वंडर ब्रेन्स के वरुण पाण्डे और जैस्मिन बिष्ट ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया ।



# रुद्रपुर में एसएसपी ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने रुद्रपुर और ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। मंगलवार रात से लगातार हो रही बारिश से तीन पानी क्षेत्र,ट्रांजिट कैंप के जगतपुरा,मुखर्जीनगर समेत अन्य जगहों पर जलभराव होने से पानी घरों घुस गया। बुधवार को एसएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य की स्थिति का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने संबंधित थाना पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फायर ब्रिगेड, जल पुलिस और स्थानीय पुलिस द्वारा भी लगातार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य थाना क्षेत्रों में भी थाना पुलिस द्वारा लगातार सतर्क दृष्टि रख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

एसएसपी के साथ आईपीएस अधिकारी सीओ सिटी निहारिका तोमर, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, इंस्पेक्टर भारत सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



# बैडमिंटन तथा वॉलीबॉल व शतरंज खेलों की प्रतियोगिता प्रारम्भ

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर के दुर्गापुर स्थित पार्वती प्रेमा जगाती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरस्वती विहार में बुधवार से विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड के विद्यालयों की बैडमिंटन तथा वॉलीबॉल व शतरंज खेलों की प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई, जिसमें उत्तराखण्ड प्रांत की बालक वर्ग की अन्डर-14 अन्डर-17 तथा अन्डर-19 की कुल 48 टीमों ने प्रतिभाग कर रही हैं जबकि बालिका वर्ग में कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग कर रही है। बता दें कि अन्डर-19 में प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल की टीम ने अपने सभी मुकाबले जीतते हुए फ इनल में प्रवेश कर लिया है जबकि अलावा बालिका वर्ग (बैडमिंटन) में एसबीएम तारावती काशीपुर का फाइनल मुकाबला एसबीएम रानीपुर हरिद्वार से होगा। इसी तरह अन्डर-14, अन्डर-17 तथा अन्डर-19 बालक और बालिका वर्ग के शतरंज खेलों में बुधवार को नाक आउट मैच खेले जा रहे हैं,इसी तरह वॉलीबॉल अन्डर-17 में भी पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल की टीम फ इनल में पहुँच गई है। अन्डर- 14, अन्डर-17 बालक वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भी नाक आउट मैच बुधवार को खेले जा रहे हैं,गुरुवार (आज) सभी के फ इनल मुकाबले खेले जाएंगें। बता दें कि प्रांत स्तरीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सुमति, सुनील, चंदन ,नवीन,नीरज नौटियाल तथा दीपक विविध खेलों में निर्णायक के रूप में प्रतिभाग कर रहे हैं। इससे पूर्व प्रतियोगिताओं का उद्घाटन समारोह हुआ जिसकी अध्यक्षता रविन्द्र रावत (प्रान्तीय खेलकूद संयोजक )ने की जबकि मुख्य अतिथि प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल के प्रधानाचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश रहे,उन्होंने कहा कि खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब अब पुरानी बात हो चुकी है और अब तो यह सत्य है कि जो बच्चा खेल कूद में अच्छा है उसकी पढ़ाई भी अच्छी होती है और वह बच्चा आगे चलकर मातृ पितृ भक्त तथा देशभक्त नागरिक बनकर अपने देश को आगे बढ़ाता है। इस मौके पर प्रतियोगिता के संयोजक उमेश शर्मा तथा टीम प्रभारी विक्रांत चौधरी, अमित, आदित्य, मनोज, चन्दन, नवीन और नीरज समेत मीडिया प्रभारी डॉ0 माधव प्रसाद सनातनी आदि मौजूद रहे।



# टिफिन टॉप क्षेत्र में भूस्खलन, लोगों की आवाजाही बंद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल। नैनीताल में बारिश के दौरान टिफिन टॉप क्षेत्र में भूस्खलन के चलते डोरोथी सीट ढहने के बाद शहर में हलचल हुई है। डोरोथी सीट ढहने की सूचना के बाद मंगलवार की रात से बुधवार की शाम तक प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही। एसडीएम प्रमोद कुमार की मौजूदगी में सिंचाई विभाग की टीम ने भूस्खलन का जायजा लिया। फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बंद कर दी है। बता दें कि नैनीताल के टिफिन टॉप क्षेत्र पर बनी डोरोथी सीट भूस्खलन के दौरान मंगलवार की रात 11 बजे ढह गई।

क्षेत्र में बोल्डर गिरने के बाद पूरे शहर में दहशत फैल गई। सूचना के बाद डीएम वंदना सिंह के निर्देश के बाद रात को ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। जहां पहुंचकर टीम ने मौका मुआयना कर नुकसान का आंकलन किया। क्षेत्र में कोई जनहानि नहीं होने व कोई खतरा नहीं होने के बाद टीम ने राहत की सांस ली। जिसके बाद बुधवार की सुबह एसडीएम के नेतृत्व में वन विभाग व सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया।





मामले में एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र में विशेषज्ञों के साथ निरीक्षण किया गया है। बताया कि भूस्खलन के चलते डोरोथी सीट व बड़े बोल्डर पहाड़ी से गिरे हैं। गिरे हुए बोल्डर नीचे जमीन में रूक गए हैं। फिलहाल मलबा या पत्थर नीचे क्षेत्र में नहीं गिरेंगे। बताया कि टीम में मौजूद विशेषज्ञों ने नीचे गिरे पत्थरों में छेड़छाड़ नहीं करने की सलाह दी है। जल्द ही एक टीम बनाकर क्षेत्र की सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिसके बाद डोरोथी सीट के उपचार के कार्य किए जाएंगे।

## हमेशा से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा नगर का टिफिन टॉप

**नैनीताल।** नैनीताल शहर के मुकुट कहे जाने वाले टिफिन टॉप हमेशा से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है। इसको डोरोथी सीट के नाम से भी जाना जाता है।

समुद्र तल से 2290 मीटर ऊंची यह पहाडी किसी स्वर्ग से कम नहीं, लेकिन बीते लंबे समय से क्षेत्र में दरारें उभर आई थी। क्षेत्र से बडे पत्थर गिरने के चलते प्रशासन की टीम ने बीते वर्ष क्षेत्र का निरीक्षण भी किया था। जिसके बाद विभाग की ओर से डोरोथी सीट में तार बाद कर पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगाई थी। लेकिन कुछ तक कोई हलचल नहीं हुई तो फिर वहां पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई थी। इन दिनों बरसात में फिर के बार वहां खतरा मंडरा रहा था। मंगलवार की देर रात 11 बजे लोगों ने डोरोथी सीट में भूस्खलन की सूचना दी। वहां स्थित दुकानों में काम करने वालों ने सूचना दी कि वहां बना चबूतरा भूस्खलन की भेंट चढ गया है।

क्षेत्र में बडे पत्थर गिरने से क्षेत्र में दहशत का माहोल है। देर रात सोशल मीडिया में सूचना प्रसारित होने के बाद शहर में हडकंप का माहौल है। क्षेत्र के निवर्तमान सभासद मनोज साह जगाती ने बताया कि प्रशासन की अनदेखी के चलते टिफि नटॉप की पहाडी में भूस्खलन हुआ है जिससे नैनीताल की एक ऐतिहासिक जगह ने अपना अस्तित्व खो दिया है हांलाकि एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र में भूस्खलन की सूचना को लेकर पता लगाया जा रहा है।



## लडोलीग फुटबाल प्रतियोगिता में लिमैक्स फुटबॉल क्लब ने की जीत दर्ज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

डीएसए और एनटीजी के तत्वाधान में खेली जा रही 103वीं लडोलीग फुटबाल प्रतियोगिता में लिमैक्स फुटबॉल क्लब ने अयारपाटा फुटबॉल क्लब को 1-0 के अंदर से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की।

जानकारी देते हुए आयोजन सचिव अनिल गढ़िया ने बताया बुधवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला लिमैक्स फुटबॉल क्लब ने अयारपाटा फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया मध्यांतर तक दोनों टीम बराबरी पर रही।मैच के आखिरी मिनट पर लीमैक्स फुटबॉल क्लब ने गोलमाल कर ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम को मुख्य अतिथि नैनीताल बैंक के महाप्रबंधक दीप पंत ने पुरस्कृत किया। इस दौरान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष डीसीएस रावत, डी एस बिष्ट, बिशन सिंह मेहता,भुवन बिष्ट,हरीश जोशी,पवन सिंह संतोष शाह,मनोज जोशी,डॉ मनोज बिष्ट, आलोक चौधरी,वीरेंद्र शाह,कमलेश ढोंडियाल समेत अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## नकली नोट मामले में देर रात एक और आरोपी ज्योलीकोट से पकड़ा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल क्षेत्र में मंगलवार को नकली नोट मामले में देर रात एक और आरोपी को पुलिस ने ज्योलीकोट से पकड़ लिया है। दोनो आरोपियों को कोर्ट में पेशी के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

बता दें कि बीते रोज मंगलवार को मल्लीताल में देशी व विदेशी नकली नोट लेकर पहुंचे चार युवकों की खरीददारी के दौरान कारोबारियों ने एक को पकड़ लिया था। पुलिस को युवक के पास नकली नोट मिलने के बाद पुलिस ने मुजफ्फरनगर के अकिल बालियान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसके बाद युवक के साथ तीन और लोगों के होने की बात सामने आई। कारोबारियों की शिकायत के बाद पुलिस ने तीनों युवकों की खोजबीन शुरू कर दी थी। भारी मशक्कत के बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी आरिफ की



मोबाइल लोकेशन को ट्रेस कर ज्योलीकोट क्षेत्र में पकड़ लिया। युवक के पास 500 के दो नकली नोट और करीब 65 हजार की असली भारतीय करेंसी बरामद हुई।

कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि पूर्व बालियान मंसूरपुर मुजफ्फरनगर निवासी अकिल बालियान व आरिफ को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## NEWS / फटाफट

### 25 अगस्त को निकालेंगे यादें हुसैन का जुलूस

**नैनीताल।** मोहर्रम कमेटी की बैठक में बताया गया कि यादें हुसैन यानी 2 महीना मुस्लिम महा सफर का चांद नजर आ गया है। अब चांद की 20 तारीख यानी 25 अगस्त को यादें हुसैन का जुलूस निकाला जाएगा। दूसरी ओर चांद दिखने के बाद से ताजिएदारो ने ताजिया बनाने में तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। नगर के तल्लीताल मे काफ ी वर्षो बाद ताजिया बनाया जा रहा है जबकि मल्लीताल में हमेशा की तरह रॉयल होटल, अयारपाटा, वेल्डरॉफ कंपाउंड तथा रुकुट कंपाउंड में ताजियों का निर्माण कार्य चल रहा है। मोहर्रम कमेटी की जानिब से यादें हुसैन का जुलुस निकाला जाएगा इस जो अपने निर्धारित रास्ते से होते हुए देर रात सुखाताल कर्बला में संपन्न होगा। बैठक में नाजिम बक्श,समीर अली,मुहम्मद कासिम,अजीम,तस्लीम बक्श, समीर अहमद मन्नू, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद साबिर,आरिफ हुसैन,शान अहमद, शाहनवाज खान,अब्दुल जमील,अब्दूल वासित, मोहम्मद इस्लाम, शाहिद वारसी, सलीम तथा बबलू आदि लोग मौजूद रहे।

### लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक आयोजित



**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक बुधवार को क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौडियाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि 11 अगस्त को गोवर्धन हाल में माता की चौकी का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता हेतु रानी साह को संयोजक जबकि अमिता साह, जीवंती भट्ट, सीमा सेठ तथा कविता त्रिपाठी को सह संयोजक बनाया गया। कार्यक्रम संयोजक रानी साह ने बताया अबकी बार माता की चौकी के लिए रुद्रपुर के गगन ग्रोवर की टीम को कीर्तन के लिए बुलाया गया है। कहा कि क्लब द्वारा इसके लिए वर्तमान में विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है साथ ही क्लब के सभी सदस्यों को विभिन्न समितियों में शामिल कर उन्हें जिम्मेदारियां दी गई हैं। क्लब की सचिन दीपा पांडे ने बताया कि कार्यक्रम रविवार 11 अगगस्त को अपराह्न एक बजे से शुरु होगा जो शाम के 6 बजे तक चलेगा उसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया जाएगा। बैठक में हेमा भट्ट, मीनू बुदुलाकोटी, गीता साह, मंजू बिष्ट, विनीता पांडे ,दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, रमा भट्ट, रमा तिवारी, मीनाक्षी कीर्ति, डॉ. पल्लवी, तनु सिंह, डा.प्रगति जैन, खष्टी बिष्ट, आभा शाह, कविता गंगोला, मधुमिता, प्राची आर्या, प्रभा पुंडीर, कंचन जोशी, लीला राज, सरस्वती शिराला, नीरू शाह, ज्योति वर्मा, पुष्पा कांडपाल, रेखा पंत, रेखा जोशी, संगीता श्रीवास्तव तथा कविता जोशी आदि मौजूद रही।

### डीएसए मैदान में 12 खेल विधाओं में ट्रायल कराया

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री उन्नयन योजना- 2024 के अंतर्गत भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय द्वारा बुधवार को नैनीताल के डीएसए मैदान में 14 से 23 साल तक 12 खेल विधाओं में ट्रायल कराया गया, जिसमें 100 से भी अधिक खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके तहत हॉकी, फ टबॉल,जूडो,ताइक्कांडो,बास्केटबाल, वालीबाल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स तथा बैडमिंटन आदि खेलों का ट्रायल के लिए बैटरी टेस्ट हुआ। बैटरी टेस्ट में जो खिलाड़ी चयनित हुए अब उनका अंतिम ट्रायल उनके गेम के लिए गौलापार स्टेडियम में किया जाएगा। इससे पूर्व संस्था के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने कार्यक्रम का खिलाडियों से परिचय हासिल कर शुभारंभ किया और सभी खिलाडियों को शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री उन्नयन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को कामयाब बनाने में पुष्पा दरम्वाल, बीना यादव, आलोक भट्ट, मनोज कुमार समेत एनआईएस कोच भगवत सिंह मेर व विवेक बिष्ट और क्रिकेट कोच रिहान और बास्केटबाल कोच विनोद कनारी और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के व्यायाम शिक्षक गोविंद सिंह बोरा जबकि सीआरएसटी के व्यायाम शिक्षक रितेश शाह और डीएसए के महासचिव अनिल गडिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में अंतर विभागीय मेहंदी कला प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

एकीकृत बीएड विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में बुधवार को अंतर विभागीय मेहंदी कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बता दें कि विभाग द्वारा कला की अभिरुचि को विकसित करने तथा नवीन शिल्प और हस्त कौशल के संवर्धन हेतु बीएड तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं में रचनात्मक कौशलों के अभिवर्धन को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे छात्र- छात्राओं द्वारा व्यापक सहभागिता दर्ज की गई जिसमें अंजली, हिमानी, चिरांगी, पूजा, यामिनी, हर्षिता, मुस्कान, सेजल, सोनिया चौहान, इशिता तथा कोमल ने सक्रिय प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के लिए निर्धारित समय सीमा अनुरूप बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा गठित मूल्यांकन पैनल में डॉ. अशोक




उप्रेती, डॉ. सरोज शर्मा तथा तेज प्रकाश जोशी ने प्रतियोगिता में जज की भूमिका का निर्वहन किया गया जिसमें छात्रा चिरांगी ने प्रथम तथा सोनिया चौहान व यामिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तृतीय स्थान पर सेजल राणा और पूजा पालीवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सफ लता अर्जित की गई। छात्र छात्राओं की इस सफलता पर संकायाध्यक्ष शिक्षा एवं वाणिज्य प्रो.अतुल जोशी व विभागाध्यक्ष डॉ अशोक उप्रेती समेत तेज प्रकाश जोशी, डॉ सरोज शर्मा, डॉ पुष्पा अधिकारी, विनीता विश्वकर्मा, शिखा रतूड़ी, दीपिका भट्ट समेत सभी प्राध्यापकों ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की गई।

# अभिमत

## गंभीर मामला

*पूर्व मुख्यमंत्रियों के लिए प्रोटोकॉल के पालन में दलगत राजनीति नहीं होनी चाहिए। लोकतंत्र में कोई भी पार्टी हमेशा सत्ता में नहीं रहती है। मंत्री, सांसद और विधायक नहीं होते हुए भी अनेक नेता सिक्योरिटी गार्ड रखते हैं। देश के हर नागरिक की सुरक्षा का दायित्व सरकार का है और हर व्यक्ति को सुरक्षा का अधिकार है। बिना किसी खतरे के सुरक्षा गार्ड रखना स्टेटस सिम्बल बन गया है। सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने से पहले लोकल इंटेलिजेंस यूनिट से रिपोर्ट लेने का प्रावधान है। पूर्व मुख्यमंत्री को सुरक्षा गार्ड और प्रोटोकॉल जरूर मिलना चाहिए। हरीश रावत के मामले की राज्य सरकार को जांच कराकर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।*

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत किसी न किसी मुद्दे को लेकर हमेशा सक्रिय रहते हैं। वर्ष 2017 में विधानसभा की दो सीटों से चुनाव लड़ने पर पराजित हो गये, जबकि वह मुख्यमंत्री थे। इसके बाद हुए लोकसभा चुनाव में भी पराजित हो गये। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी हरीश रावत को पराजय का सामना करना पड़ा। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपने बेटे को हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में उतारा और चुनाव की कमान संभाली, लेकिन बेटे को जिता नहीं सके। लगातार पराजय के बाद भी हरीश रावत हताश नहीं हुए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रतिक्रिया करते रहते हैं। उत्तराखंड की हर छोटी-बड़ी समस्या पर टिप्पणी करते रहते हैं। अब व्यक्तिगत मामले को उठाया है। हरीश रावत ने दिल्ली एयरपोर्ट पर राज्य के प्रोटोकॉल अधिकारी द्वारा उन्हें सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया है। हरीश रावत का कहना है कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में कभी किसी सुविधा की आकांक्षा नहीं की, लेकिन दिल्ली से देहरादून आते समय उन्हें जब दिल्ली एयरपोर्ट पर प्रोटोकॉल की आवश्यकता पड़ी तो राज्य के प्रोटोकॉल अधिकारी ने उन्हें यह कहते हुए मदद नहीं की कि उनके पास इस बारे में कोई आदेश नहीं है। उन्होंने सीआईएसएफ की मदद से फ्लाइट पकड़ी। हरीश रावत का यह भी कहना है कि एक तरफ भाजपा के नेताओं को स्पेशल एस्कॉर्ट दी गई है, परन्तु उन्हें बहुत आवश्यक होने पर भी एस्कॉर्ट की सुविधा नहीं दी जाती है। पूर्व मुख्यमंत्रियों के लिए प्रोटोकॉल के पालन में दलगत राजनीति नहीं होनी चाहिए। लोकतंत्र में कोई भी पार्टी हमेशा सत्ता में नहीं रहती है। मंत्री, सांसद और विधायक नहीं होते हुए भी अनेक नेता सिक्योरिटी गार्ड रखते हैं। देश के हर नागरिक की सुरक्षा का दायित्व सरकार का है और हर व्यक्ति को सुरक्षा का अधिकार है। बिना किसी खतरे के सुरक्षा गार्ड रखना स्टेटस सिम्बल बन गया है। सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने से पहले लोकल इंटेलिजेंस यूनिट से रिपोर्ट लेने का प्रावधान है। पूर्व मुख्यमंत्री को सुरक्षा गार्ड और प्रोटोकॉल जरूर मिलना चाहिए। हरीश रावत के मामले की राज्य सरकार को जांच कराकर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस मामले को विपक्षी नेता होने को कारण टालना नहीं चाहिए। यह मामला गंभीर है। कार्रवाई होने पर भविष्य में किसी अन्य पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व राज्यपाल तथा अन्य के साथ ऐसा नहीं होगा। हरीश रावत जिम्मेदार और वरिष्ठ नेता हैं, वह सस्ती लोकप्रियता के लिए ऐसा आरोप नहीं लगा सकते।

# मैदानी इलाकों में नशे के खिलाफ अभियान जरूरी: डीएम

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को नैनीताल कार्यालय सभागार में नार्को समन्वय समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उन्होंने नशे को रोकने के लिए विभागीय अधिकारियों और सामाजिक संस्थाओं से सुझाव मांगे।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि मैदानी इलाकों में नशे के खिलाफ अभियान और कई नशे में लिप्त लोगों के खिलाफ काफी कार्रवाही की जा रही है, उन्होंने कहा कि लेकिन साथ ही अब नैनीताल, भवाली व रामनगर समेत आस पास के पर्वतीय नगरों में भी प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की आवश्यकता है। कहा कि पुराने भवनों, खंडर तथा खाली पड़ी भूमि में व आवासीय विद्यालयों आदि में नशा करने वाले युवाओं आदि काफी संख्या में बैठते हैं जिस पर प्रभावी रूप से गश्त करते हुए कार्यवाही की जरूरत है। जिलाधिकारी वंदना ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से छात्रावास, मेट्रोपोल समेत अन्य इलाकों में चैकिंग अभियान चलाने तथा नशेडियों के खिलाफ सख्त कार्रवाही करने की बात कही। बैठक में एसपी क्राइम प्रकाश चंद्र ने बताया कि नशा के खिलाफ या अन्य घटनाओं की सूचना देने के लिए नोडल अधिकारी के नंबर 9411110152 पर संपर्क कर जानकारी दें सकते हैं जो पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी। डीएम ने आबकारी अधिकारियों को अवैध रूप से बेची जा रही शराब और शराब माफि याओं तथा आरोपियों के धर पकड़ करने समय समय में दुकानों आदि में छापेमारी करने के निर्देश दिए। उन्होने ड्रग अधिकारी को मेडिकल स्टोर की जांच और अवैध रूप मेडिकल या क्लीनिक चलाने वालों के खिलाफ युद्ध स्तर पर अभियान चलाने की बात कही उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नशे के खिलाफ या अन्य सम्बंधित जानकारी के लिए चिकित्सालयों को ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल तथा एसओपी जारी करने को कहा। शिक्षा विभाग के अधिकारी ने बताया कि 12 अगस्त को सुबह 9 बजे से स्कूल तथा कॉलेज, निजी कॉलेज व विभागों में नशे के खिलाफ शपथ अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश पंत तथा सीएओ वी के यादव आदि मौजूद रहे।

## दुकान में मॉनिटर लिजर्ड घुसने से हडकंप

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र की एक दुकान में बुधवार को मॉनिटर लिजर्ड घुसने से हडकंप मच गया। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने दुकान में पहुंचकर मॉनिटर लिजर्ड को पकड़ कर सुरक्षित रेस्क्यू सेंटर रानीबाग भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को मल्लीताल रॉयल होटल के समीप एक रेस्टोरेंट में मॉनिटर लिजर्ड घुस गया। दुकान में मॉनिटर लिजर्ड को देख दुकान में हडकंप मच गई। इस दौरान आनन फ ानन में लोगों ने वन विभाग को सूचित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मॉनिटर लिजर्ड का रेस्क्यू किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद टीम ने मॉनिटर लिजर्ड को पकड़ लिया। नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि मॉनिटर लिजर्ड को पकडक़र रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया है। बताया कि आमतौर पर मॉनिटर लिजर्ड गर्म इलाकों में पाए जाते हैं लेकिन नैनीताल में मॉनिटर लिजर्ड का मिलना सोचनीय है।

## जन संवाद: फरियादियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के अधिकारियों को निर्देश दिए

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



भीमताल ब्लाक मुख्यालय में बुधवार को जन संवाद दिवस में ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने आए फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने के बाद संबंधित महकमों के अधिकारियों से समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट से जन सवाद में पीआरडी स्वयंसेवकों के परिजनों ने मुलाकात कर रोजगार की मांग की। इस संदर्भ में पीआरडी स्वयं सहायक के मृतक आश्रितों को रोजगार देने को मुख्यमंत्री को ब्लॉक प्रमुख ने पत्र लिखा। सौनगांव की ग्राम प्रधान ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्य में ग्राम पंचायत के मार्गो को क्षति पहुंचाने की समस्या को रखा जल संस्थान के अधिकारियों को विकास खण्ड के सभी ग्राम पंचायत में पंचायत की संपति को जहां जहां क्षति पहुंची है ठीक करने के निर्देश दिए। बैठक में हैड़ाखान में विद्युत समस्या समेत राशन कार्ड,कृषि, विद्युत, जल जीवन मिशन तथा आपदा से जुड़ी कई समस्याएं फरियादियों ने बतायी। कार्यक्रम के दौरान लोक संस्कृति को बचाने के लिए जंगलियागांव के लोक गायक छोटे प्रिश कुल्याल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

भीमताल क्षेत्र की जन सेवा, पर्यावरण, झील, जल संरक्षण इत्यादि कार्यों के लगातार एक दशक से प्रयासरत क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी को उनके निस्वार्थ सेवाभाव कार्य के लिए बुधवार को भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट ने ब्लॉक सभागार में आयोजित जनता दरबार में जन नायक का अवार्ड सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. बिष्ट ने कहाँ पूरन बृजवासी आज समाज के लिए, दिनों-दिन प्रेरणा का स्रोत बनते जा रहे हैं, समाज की हर छोटी बड़ी समस्या को तत्परता से हल कराने का कार्य लगातार नि:स्वार्थ भाव से कर रहे, तमाम विभाग, प्रशासन भी बृजवासी के कार्यो, प्रयासों का आज लोहा मानते है और क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को उठाने का काम तो पूरन हर हाल में पूरा कर रहे।

# फिल्मी दुनिया

## आर्यन-सुहाना खान ने हीरामंडी के ताजदार के साथ की पार्टी



*ताहा शाह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें साझा की हैं। इनमें वे सुहाना खान, आर्यन खान और अन्य दोस्तों के साथ पार्टी करते नजर आ रहे हैं। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बच्चे-सुहाना खान और आर्यन जब किसी पार्टी में पहुंचते हैं तो चार चांद लग जाते हैं। इसी के साथ सोशल मीडिया पर भी पार्टी से जुड़ी खबरें, तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल होती हैं। एक बार फिर ऐसा हो रहा है। इस बार आर्यन खान और सुहाना, दोनों भाई बहन एक्टर ताहा शाह के साथ पार्टी करते नजर आए हैं। तस्वीरें खुद ताहा ने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। ताहा शाह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें साझा की हैं। इनमें सबसे पहले एक ग्रुप फोटो है, इसमें ताहा के साथ आर्यन खान भी नजर आ रहे हैं। साथ ही अन्य फ्रेंड्स भी हैं। एक तस्वीर में ताहा के साथ सुहाना खान को देखा जा सकता है। दोनों एक साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। सुहाना ब्राउन कलर की ड्रेस में हैं। वहीं, ताहा ब्लैक कलर के आउटफिट में हैं और काला चश्मा लगा रखा है। इस पोस्ट के साथ ताहा शाह ने लिखा है, फन नाइट। इस पोस्ट पर यूजर्स जमकर कमेंट कर रहे हैं। सुहाना और आर्यन को ताहा के साथ पार्टी करते देख हर कोई सवाल कर रहा है। एक यूजर ने लिखा, ताहा शाहरुख खान के बच्चों के साथ? एक अन्य यूजर ने लिखा, ताहा शाह अपने आदर्श के बच्चों के साथ। एक यूजर ने लिखा, आखिरी वाली फोटो सबसे लाजवाब है। बता दें कि यूजर का इशारा ताहा और सुहाना की तस्वीर की तरफ है।*

### हीरामंडी से हुए हैं लोकप्रिय

*ताहा शाह को इसी साल मई में रिलीज हुई संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में देखा गया। इसमें वे ताजदार की भूमिका में नजर आए। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। इसमें अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, सोनाक्षी सिन्हा, शेखर सुमन व फरदीन खान सहित कई कलाकार नजर आए।*

## 36वें दिन भी धरना जारी

**देहरादून/नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का नियमितिकरण की मांग को लेकर देहरादून स्थित एकता बिहार में बुधवार को 36वें दिन भी धरना जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी ने कहा कि गांधीवादी तरीके से चलाया जा रहे संहयोगात्मक आंदोलन के तहत बुधवार को कुमाऊँ मंडल विकास निगम व गढ़वाल मंडल विकास निगम की इकाइयों के परिसर में विभिन्न प्रजाति के सैकड़ों पौधों का रोपण किया गया वही वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। निगम के कर्मचारियों ने अपनी अपनी इकाइयों में कार्य किया। उक्त आंदोलन से ना तो जनता को परेशानी हो रही है नहीं पर्यटकों को परेशानी। उन्होंने कहा कि अपनी तरह के अनोखे आंदोलन के इतने दिन बीतने के बावजूद भी सरकार द्वारा नियमितिकरण पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि 8 अगस्त से निगम मुख्यालय नैनीताल में भी धरना प्रारंभ किया जाएगा।

इस संबंध में महासंघ के पदाधिकारी अग्रिम रणनीति पर बैठक करेंगे। कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिए महासंघ के महामंत्री विजय पुरोहित, संरक्षक सुरेश पवार, कार्यकारी अध्यक्ष जोगिंदर लाल व संजय भट्ट, कुमाऊं मंडल के महामंत्री कंचन चंदोला ,उपाध्यक्ष गौतम कुमार,पीतांबर दुमका व रमेश कपकोटी ने सभी कर्मचारियों से सहयोगात्मक आंदोलन को सफ ल बनाने की अपील की है।



# काठगोदाम डिपो की बस का स्टेयरिंग फेल, बाल-बाल बचे

**नैनीताल।** नैनीताल- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में हेयर पिन मोड पर काठगोदाम डिपो की चलती बस का स्टेयरिंग फेल हो गया। बस को बचाने के लिए सामने से आ रही दूसरी बस के बस चालक को बस पहाडी में टकरानी पड़ी। दोनों बस चालकों की सूझ बूझ के चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह लगभग 11 बजे काठगोदाम डिपो की यूके 07 पीए 3188 संख्या की बस सवारियां लेकर नैनीताल से हल्द्वानी को रवाना हुई। बस हनुमानगढ़ी से आगे हेयरपिन मोड पर पहुंची ही थी कि मोड काटते ही बस का स्टेयरिंग फेल हो गया। स्टेयरिंग फेल होने से बस बीच सडक़ में आ गई। इस दौरान बस के सामने हल्द्वानी से नैनीताल को आ रही टनकपुर डिपो की बस आ गई। बसों के आपस में भिडऩे से पहले ही टनकपुर डिपो के बस चालक ने बस पहाडी की ओर मोड दी। बस पहाडी से टकराकर रुक गई। इस दौरान काठगोदाम डिपो के बस चालक ने भी ब्रेक मार दिए। इस तरह बडा हादसा व दोनों बसों में टक्कर होने से बच गई।

